तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 6 नवंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 दूसरे दिन भी सहकारी समिति के...



12 दलदली में दीपावली मिलन समारोह गोवर्धन ...






## खबर संक्षेप




### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा 31 तक

**कांकेर।** राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय करने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे विद्यार्थी जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनके लिए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के लिए आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि नवीन एवं नवीनीकरण 31 दिसम्बर, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 15 जनवरी और सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है।

### राज्य स्तरीय रात्रिकालीन रिकॉर्डिंग डांस स्पर्धा 12 को

**चारामा।** आदर्श नवयुवक समिति भिलाई के तत्वावधान में देवउठनी के पावन अवसर पर राज्य स्तरीय रात्रिकालीन भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 12 नवंबर मंगलवार को चारामा भिलाई में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में एकल, युगल और सामूहिक नृत्य श्रेणियों के लिए पुरस्कार रखे गए हैं। सामूहिक नृत्य श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 15001, युगल नृत्य के लिए 7001 और एकल नृत्य के लिए 4001 रुपये का पुरस्कार रखा गया है।

### भानुप्रतापपुर विधायक ने रायपुर दक्षिण विस उपचुनाव की संभाली जिम्मेदारी



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी को रायपुर दक्षिण उपचुनाव में चुनाव संभालने की जिम्मेदारी मिली है। विधानसभा उपचुनाव के दौरान भगवती चरण शुक्ल वार्ड 57 में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष प्रचार करने के जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए विधायक ने कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में वोट मांगे व चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव और पार्षद प्रमोद दुबे सहित जनप्रतिनिधिगण कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। पिछले पांच साल के सरकार मे कांग्रेस के द्वारा कराए गए विकास कार्यों के विषय में विस्तार से अवगत कराया। डबल इंजन के सरकार में हो रही अनियमितता तथा लचर कानून व्यवस्था साथ ही दुरुपयोग के बारे में भी बताया। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती बेहताशा महंगाई को और भी ध्यान आकर्षित कराया।

**परिवर्तन : भाजपा सरकार ने भूपेश सरकार के निर्णय को बदला**

# नगरीय निकाय के अध्यक्ष का चुनाव अब जनता करेगी, अब दो वोट डालेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगर पालिक अधिनियम में संशोधन करते हुए नई अधिसूचना जारी कर दिया है, जिसके तहत महापौर व नगरीय निकाय के अध्यक्ष के चुनाव के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। नियमों के किए गए बदलाव के तहत अब इन पदों के लिए प्रत्यक्ष ढंग से चुनाव होगा, यानी सीधे जनता चुनाव करेगी। इस बार जनता दो वोट डालेगी, जिसमें एक पार्षद के लिए और दूसरा अध्यक्ष के लिए रहेगा।

- दिसंबर के तीसरे सप्ताह में चुनाव करवाने को लेकर शुरू हो गई है तैयारी

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने महापौर के चुनाव में अप्रत्यक्ष प्रणाली को लागू किया था। कांग्रेस कार्यकाल से पहले जनता ही पार्षदों के साथ मेयर व अध्यक्ष को चुनती थी, लेकिन नियम में संशोधन करके तत्कालीन सीएम ने पार्षद को महापौर चुनने का हक दे दिया था। कांग्रेस सरकार में किए गए नियम संशोधन का बीजेपी नेताओं ने विरोध किया था। अब भाजपा सरकार ने इस अधिनियम में बदलाव कर फिर से प्रत्यक्ष प्रणाली को बहाल करने का निर्णय लिया है। इसका अर्थ है कि अब महापौर व अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाएगा। गौरतलब है कि इस निर्णय को पिछली कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई थी, जिसके पश्चात अधिनियम में संशोधन की अधिसूचना आधिकारिक रूप से जारी की गई है। अधिसूचना जारी होने के बाद कांग्रेसी अध्यक्ष सदमे में हैं, क्योंकि सत्ता के दम पर बिना जनता के मत के उन्हें अध्यक्ष चुना गया था, लेकिन अब जनता अपना अध्यक्ष चुनेगी इस कारण कांग्रेसी अध्यक्षों की टेंशन बढ़ गई है क्योंकि उन्हें अच्छे से मालूम है कि चुनाव हुआ तो जीत पाना संभव नहीं है और वे जनता की पसंद भी नहीं है।




#### जल्द ही होंगे नगरीय निकाय चुनाव

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बाद दिसंबर 2024 में नगरीय निकाय चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। इसके पहले राज्य सरकार ने इन चुनावों के लिए नियमों में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। अब जनता को नगर पंचायत और नगर निगमों में अध्यक्ष और महापौर के चुनाव में सीधा भागीदारी का अवसर मिलेगा।

#### डिप्टी सीएम अरुण साव ने दिए थे संकेत

कांग्रेस सरकार ने 2018 में नगर पंचायत, नगरपालिका और नगर निगम के चुनावों में बड़े बदलाव किए थे, जिसमें अध्यक्ष और महापौर के चुनाव का अधिकार जनता से छीनकर चुने हुए पार्षदों को दे दिया था। इसके खिलाफ बीजेपी ने विरोध जताया था। हाल ही में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से बातचीत में संकेत दिया था कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता अब एक के बजाय दो वोट करेंगे। एक पार्षद के लिए और दूसरा नगर अध्यक्ष के लिए। इसके अलावा, महापौर के चुनाव को प्रत्यक्ष रूप से कराने के नियमों पर भी विचार किया जा रहा है।

#### दिग्जविजय ने दिया था अधिकार भूपेश ने छीना

जानकारी के मुताबिक अविभाजित मध्यप्रदेश में 1999 में कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार ने राज्य में अध्यक्ष चुनने का अधिकार पार्षदों से छीनकर जनता के हाथ में दिया था। एक नवंबर 2020 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था और उसके बाद अजीत जोगी की सरकार और डा. रमन सिंह की सरकार रही, कोई बदलाव नहीं किया गया था। 2018 में भूपेश बघेल सत्ता में आएं और नगरीय निकाय चुनाव के पहले अधिसूचना जारी कर जनता का अधिकार छीनकर पार्षदों को दे दिया था। जिसका भाजपा ने विरोध किया था, परंतु भूपेश सरकार ने विरोध को दरकिनार कर दिया था। भाजपा सत्ता में आते ही फिर से अध्यक्ष के चुनाव के अधिकार को जनता को दे दिया।

**ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल, लगाए आरोप**

## गंवरसिल्ली में टिन शेड निर्माण कार्य में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंवरसिल्ली में टिन शेड निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि शेड निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रही है। इसकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि आने वाले बारिश में यह सब उड़ेंगी और धराशाही हो जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों की मांग पर विधायक निधि से 9 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी और कार्य सरपंच द्वारा करवाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थली पर किसी भी तरह का सूचना पटल भी नहीं लगाया गया, जिससे आम जनों को इसकी लागत राशि की जानकारी नहीं मिल पा रही है। नियम अनुसार शासकीय कार्य निर्माण की के दौरान सूचना पटल लगाना अनिवार्य है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इस कार्य की लागत और प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई, जिससे पारदर्शिता की कमी महसूस हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह की अनियमितताएं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं। निर्माण कार्य के दौरान भारी अनियमिताएं बरती गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से माँग किया है कि इस मामले की जांच की जाए ताकि सही तरीके से विकास कार्य हो सके। ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार की अनियमितताओं की जांच करना आवश्यक है, ताकि ग्रामीणों का विश्वास फिर से स्थापित किया जा सके और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस मामले में सरपंच से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका।



#### सरपंच की जगह आपरेटर का नंबर

सरकार के द्वारा बनाए गए मेरी पंचायत एप में सरपंच पर्वत शोरी का नाम उल्लेख है, परंतु उसमें दर्ज मोबाईल नंबर 7693876729 पर हरिभूमि ने संपर्क किया। काल को उठाने वाले ने बताया कि मैं आपरेटर थी, इसलिए मेरा नंबर डाल दिया गया था। एक साल पहले नौकरी छोड़ चुकी हूँ। मेरे को सरपंच का नंबर नहीं मालूम है। इस एप में सचिव का नंबर भी दर्ज है, उसमें संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु काल रिसीव नहीं हुआ।

## बस्तर ओलंपिक की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता जिले में 11 से




**कांकेर।** बस्तर ओलंपिक का आयोजन जिले में 11 नवम्बर से प्रारंभ हो रहा है। प्रथम चरण की खेल प्रतियोगिता विकासखंड स्तर से प्रारंभ होगी। इसके लिए विकासखंडवार तारीख तय कर दी गई है। जिले के प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी संजय जैन ने बताया कि प्रथम चरण की खेल प्रतियोगिता विकासखंड स्तर से प्रारंभ होगी, जो पूर्व में जोन स्तर पर निर्धारित की गई थी। विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है, वे शामिल हो सकेंगे। विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 से 12 पंचायत में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे, वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। विकासखंडों में लगातार चार से पांच दिनों तक प्रतियोगिताएं संपन्न होगी और विजेता खिलाड़ी टीम अगले राउंड सेमीफाइनल और फिर फाइनल में प्रवेश करेंगे। फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे। नोडल अधिकारी से जारी निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय आयोजन के लिए सीईओ जनपद पंचायत द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।

- जिला प्रशासन ने विकासखंडवार तिथि की तय

#### कांकेर विकासखंड में 14 तक चलेगी

विकासखण्ड कांकेर में 11 से 14 नवंबर, विकासखण्ड चारामा, नरहरपुर और भानुप्रतापपुर दुर्गुकोंदल में 13 से 16 नवंबर तक एवं विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में 08 से 12 नवंबर 2024 तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना प्रस्तावित किया गया है।



## युवकों ने मनकेशरी में घर में घुस मजदूर को पीटा

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। मनकेशरी में 4 नवंबर की शाम लगभग 7 बजे के आसपास युवकों ने मजदूर के घर में घुसकर मजदूर के साथ डंडा से बेदम पिटाई किया, जिससे चोट आईं है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे मनकेशरी के आवासपारा निवासी 22 वर्षीय मोहित बोरकर पिता गिरधारी बोरकर ने पुलिस को बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 4 नवंबर के शाम को लगभग 7 बजे अपने घर में था। घर के बाहर से कोई आवाज देकर चिल्लाए, जैसे ही दरवाजा खोला तो आयुष , निखिल, शौरभ दास व अन्य लड़के जबरन हमारे घर अंदर घुसकर मुझे गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर उक्त आरोपी एक राय होकरजान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का तथा डण्डा से मारपीट करने लगे। आरोपियों ने बेदम पिटाई की। झगड़ा मारपीट को देखकर मेरे मां दिनेश्वरी बोरकर, पिता गिरधारी बोरकर, दीपा मेश्राम, राजू मेश्राम, राहूल मेश्राम बीच बचाव करने आएं। मेरे परिजन बीच बचाव करने नहीं आते तो हमारे साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। आरोपियों के मारपीट से मेरी पीठ, दोनो भुजा व बदन में चोट व दर्द है । प्रार्थी की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 332 (सी), 351 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

- परिजनों ने किसी तरह बचाया

## एक दिवसीय राज्योत्सव का हुआ शुभारंभ स्टाल देखने के लिए शहरवासी झूम पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरदेव मैदान परिसर में आयोजित एक दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ सांसद भोजराज नाग और विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में हुआ। राज्योत्सव देखने के लिए शहरवासी झूम पड़े।

कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत अतिथियों ने सभी विभाग के द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। वहीं स्टाल में उपस्थित नोडल अधिकारियों ने स्टाल में दिखाई गई प्रदर्शनी की विस्तृत जानकारी दिया। बताया गया कि जिले में सरकार की योजनाएं किस तरह से संचालित हो रहीं हैं। सभी विभाग ने सरकार की योजनाओं को बहुत ही सरल ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे शहरवासी जान सके कि सरकार की कौन सी योजनाएं संचालित है और आमजनता को किस तरह से योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। इसके उपरांत स्कूली छात्र व छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत सूफी म्यूजिकल द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत अकार्डियन वादन मो. अनस रायपुर द्वारा प्रस्तुति दी गई। अंत में अनुराग शर्मा स्टार नाइट छत्तीसगढ़ गीतकार द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के अलावा जिलेभर के अधिकारी व आमजनता उपस्थित रही।






#### दुष्कर्म का आरोपी पहुंचा पुलिस गिरफ्त में

**कांकेर।** नाबालिग लड़की के साथ शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले युवक को पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर अपराध दर्ज करने के उपरांत आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। आरोपी को 5 नवंबर को पकड़कर थाना लाया गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय पखांजुर पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जिला जेल कांकेर दाखिल किया गया।

## रास्ता रोककर मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर में मारपीट की शिकायत करने थाना पहुंचे पंडरीपानी निवासी 41 वर्षीय शेख तमीम उल्ला पिता शेख निजाम उल्ला ने पुलिस को बताया कि 3 नवंबर को वह अपनी मोटर सायकल में सवार होकर निजी कार्य से ग्राम बाबू साल्हेटोला गया था। काम निपटा कर वापस घर आ रहा था। तभी रात 8 बजें ग्राम संरगपाल जेपी स्कूल के पास ग्राम संरगपाल निवासी छेरकू राम यादव मुझे आवाज देकर रूकवाया। रूका और बोला कि क्या हुआ। तब उसी समय उनके अन्य साथी वहां पर आए और मुझे बेवजह गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी दिया। हाथ मुक्का से व किसी ठोस वस्तु से हमला करने से सिर से खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी व अन्य साथियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**किसान परंपरागत ढंग से कर रहे खेती, दवा व खाद नहीं लगती**

# कुटकी, कोदो और रागी को लेकर किसानों में बढ़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड दुर्गूकोदल के अधिकतर गांवों में कोदो, कुटकी एवं रागी फसल बहुतायत से खेती करते है। धान के अलावा टिखरा खेत में कुटकी, कोदो, रागी फसल की बुवाई करते है। कुपोषण एवं शुगर रोगी के लिए यह अच्छा पोषक वाला आहार माना जाता है। मिलेट्स योजना के तहत शासन की ओर से समर्थन मूल्य में खरीदी की जाती है, जिससे किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक जितेन्द्र कुमार कोमरा के मार्गदर्शन में कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है एवं अधिक से अधिक किसान मिलेट्स योजना में जोड़ने हेतु निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी डीआर कोमरा ने बताया कि इस वर्ष खरीफ के कोदो एवं रागी फसल को बढ़ावा देने के लिए बीज का वितरण किसानों को किया गया।

- अधिक से अधिक किसानों को मिलेट्स योजना से जोड़ने का चल रहा प्रयास



गुडफेल के किसान -पुनाराम बोगा पिछले कई वर्षो से पुराने किस्म के देशी कुटकी की खेती करते हे आ रहे है और अच्छा आमदानी प्राप्त हो रहा है। पुनाराम बताते है कि कुटकी की खेती बहुत पहले से करते आ रहा हूं इसकी खेती में दवाई एवं खाद की उपयोग करने की जरूरत नहीं पड़ता है।

#### अच्छा लाभ ले रहे : मनोहर

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मनोहर चंद्रवंशी ने बताया है कि क्षेत्र के बहुत से क्षेत्रो में कुटकी, कोदों एवं रागी की खेती करते है अच्छा लाभ प्राप्त कर रहे है। आने वाले समय में अच्छा बाजार मिलने की पूरी संभावना है। सभी किसान इन फसलों को बहुतायत से लगाने की जरूरत है, इन फसलों की खेती में बहुना उभ खर्च आता है लाभ अधिक प्राप्त होता है। किसानों का कहना है कि इन फसलों की माँग अब महानगरों में होने लगी है और इन मिलेटस को पाने के लिए अब लोग गांव की ओर दौड़ लगा रहे है।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### हंचलपुर में हुई चाकूबाजी की घटना में युवक गंभीर

**अंवरी।** रविवार की शाम भखारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हंचलपुर में हुई चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दीपांशु साहू 19 वर्ष पिता विरेन्द्र साहू का इलाज मसीही अस्पताल में चल रहा है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कुछ आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### एम्फीथिएटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

**कुरुद।** नगर में कला जगत को समर्पित करने नगर पंचायत कुरूद वार्ड क्रमांक 15 में एम्फीथिएटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि श्रीमती रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद करेंगी। अध्यक्षता अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद करेंगे। विशिष्ट अतिथि निरंजन सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद, श्रीमती ज्योति चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद, रविकांत चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद, भानु चन्द्राकर नेता प्रतिपक्ष, कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि, मूलचंद सिन्हा सांसद प्रतिनिधि होंगे। भूमिपूजन आज शाम 4 बजे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के बाजू में होगा।

### पेंशनर्स की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 नवंबर बुधवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसो. भवन धमतरी में संपन्न होगा। बैठक में पेंशन संगठन के पंजीयन क्रमांक 1844 के न्यायालयीन प्रकरण बाबत चर्चा की जाएगी। सचिव मोतीलाल हिरवानी एवं अध्यक्ष वीरेंद्र नाग ने समस्त सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### प्री फिजिकल टेस्ट, लिखित परीक्षा अब 10 को

**सिर्री।** कर्मक्षेत्र एकेडमी सेना भर्ती प्रशिक्षण संगठन एकेडी परिवार मौरीकला के तत्वावधान में 15 नवंबर को होने वाली पुलिस भर्ती प्री फिजिकल, मेडिकल, लिखित परीक्षा अब 10 नवंबर को होगी। चेमन यादव सरपंच प्रतिनिधि मौरीकला ने बताया कि 15 नवंबर को (टीए) टेरिटोरियल आर्मी भर्ती तथा 16 नवंबर से पुलिस भर्ती की फिजिकल पीक्षा शुरू होगी जिसके चलते फिजिकल के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को दिक्कतें हो सकती हैं। इस कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है। रजिस्ट्रेशन की समय सीमा 10 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। जो अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं, वे उसी दिन सुबह रजिस्ट्रेशन कराकर फिजिकल में भाग ले सकते हैं।

### दो एएसआई व 11 प्रधान आरक्षकों के तबादले




**धमतरी।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने रक्षित केन्द्र में पदस्थ 2 एएसआई व 11 प्रधान आरक्षकों का जिले के विभिन्न थानों व चौकी में तबादला किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी तबादला सूची के अनुसार रक्षित केन्द्र से एएसआई भेनूराम वर्मा को यातायात व कांतिलाल साहू को चौकी बिरेझर भेजा गया है। इसी तरह प्रधान आरक्षक मनोहर लाल साहू को भखारा, ठाकुरराम सिन्हा को कुरूद थाना में पदस्थ किया गया है।

**सौगात : नारायणपुर जिले के लिए एक ऐतिहासिक दिन: सिन्हा**

# जिला एवं अपर सत्र न्यायालय नारायणपुर का वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, नारायणपुर का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य न्यायाधिपति ने दीपावली के बाद न्यायिक कार्यों की पुनः शुरुआत को एक शुभ संकेत बताते हुए, नारायणपुर जिले के लिए इसे एक ऐतिहासिक दिन करार दिया। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर हुए इस शुभारंभ से नारायणपुर जिले के निवासियों को न्याय प्राप्ति के लिए लंबी यात्रा से राहत मिलेगी। मुख्य न्यायाधिपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्यायालय की स्थापना से नारायणपुर के निवासियों, विशेषकर पक्षकारों और अधिवक्ताओं को बड़ी सुविधा होगी। पहले उन्हें केसों के लिए कोण्डागांव की यात्रा करनी पड़ती थी। अब इस नए न्यायालय के उद्घाटन के साथ ही न्याय की त्वरित और सरल पहुँच सुनिश्चित हो सकेगी।



इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायाधिपति एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला कोण्डागांव संजय कुमार जायसवाल ने भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहकर इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोण्डागांव उत्तरा कुमार कश्यप ने की। उन्होंने ने इस नव–स्थापित न्यायालय को न्यायपालिका के त्वरित और सुलभ न्याय प्रदान करने के प्रयासों का परिणाम बताया।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य अधिकारी और न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। जिनमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव कुद्र गायत्री साय, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ नारायणपुर शिव कुमार पाण्डे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कोण्डागांव दीपक ठाकुर सहित जिले के विभिन्न पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण शामिल रहे। इसके अतिरिक्त नारायणपुर जिले के जिला कलेक्टर विपिन कुमार मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग नारायणपुर, तथा न्यायलयीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।


### जनता और अधिवक्ताओं के लिए एक नई उम्मीद

नारायणपुर के नागरिकों और अधिवक्ताओं ने इस पहल को क्षेत्र में न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का एक मील का पत्थर बताया। जिला एवं अपर सत्र न्यायालय की स्थापना से अब स्थानीय निवासियों को न्याय प्राप्ति के लिए कोण्डागांव नहीं जाना पड़ेगा। जिससे उनके समय और संसाधनों की बचत होगी।

### न्याय की पहुँच को आसान बनाने का प्रयास

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने अपने संबोधन में इस न्यायालय से शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की आशा जताई। उन्होंने कहा कि यह न्यायालय जनता की न्याय प्राप्ति की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और त्वरित न्याय की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इस पहल की सराहना की और क्षेत्र की न्यायिक संरचना को और मजबूत करने की दिशा में इस कदम को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्वीकार किया। इस प्रकार, छत्तीसगढ़ में न्याय की पहुँच को बढ़ाने और समाज में न्याय के प्रति विश्वास को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह न्यायालय स्थापित किया गया है, जो नारायणपुर और आस–पास के क्षेत्रें में रहने वाले लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

# वनमंत्री व नारायणपुर विधायक कश्यप के जन्मदिन पर हुए अनेक आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- बधाई संदेशों के बैनर पोस्टर से सजा नगर
- स्कूली बच्चों, मरीजों व उनके परिजन को कराया भोजन

वन मंत्री और नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर को बधाई संदेश के पोस्टर बैनर से सजा दिया गया। वही चौक चौराहों पर नगरवासियों को मिठाइयां बांटने के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को न्योता भोज व जिला अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों को भोजन कराया। साथ ही जगदीश मंदिर , हनुमान मंदिर , राम मंदिर, गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना व गुरुद्वारा में मत्था टेककर वनमंत्री के दीर्घायु के लिए कामना किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गौरव का अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

- गुंडाधुर महाविद्यालय का छात्रा इंफाल में 6 नवंबर से आयोजित प्रतियोगिता में लेगा भाग

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र गौरव मौर्य का चयन अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। गौरव मौर्य, शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता इम्फाल विश्वविद्यालय, मणिपुर में 6 से 8 नवंबर तक आयोजित की जाएगी।



महाविद्यालय के खेल अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि महाविद्यालय में बैडमिंटन, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो–खो, क्रिकेट, एथलेटिक्स, और बास्केटबॉल जैसे खेलों का नियमित अभ्यास किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, छात्र–छात्राएं विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। खिलाड़ियों का लक्ष्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करना है। गौरव मौर्य के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल और समस्त प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि से सभी को गर्व है और उम्मीद है कि गौरव इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करेगा।

# मड़ानार विद्यालय प्रांगण में राज्योत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

- ग्रामीणों ने हाथों में दीपक लेकर बनाई मानव श्रृंखला

प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीम इंद्रधनुष कोंडागांव द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मड़ानार विद्यालय के प्रांगण में राज्योत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी देते हुए अपने अपने हाथों में दीपक लेकर मानव श्रृंखला निर्मित कर विद्यालय परिसर को दीये की रोशनी से रोशन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कर बच्चों द्वारा तैयार मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के लिए ग्राम के युवा साथियों द्वारा उच्चस्तर का साउंड सिस्टम और स्टेज तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान रात्रि 12 बजे 5 नवंबर लगते ही क्षेत्र के विधायक और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाता समूह और ग्रामीण युवक युवतियों ने नृत्य करते हुए आतिशबाजी और केक काटकर कलाकार बच्चों का मुंह मीठा कराकर बधाई संदेश दिया।

# महिला की हत्या का प्रयास आरोपी किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव/ केशकाल

- विश्रामपुरी पुलिस ने चंद घंटे के अंदर में पकड़ लिया
- घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार किया बरामद
- न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जेल

महिला की हत्या करने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से धारदार हथियार भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय वाय अक्षय कुमार के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपतसिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में 4 नवंबर को प्रार्थी कृष्ण कुमार जांगड़े पिता स्व. सुनील जांगड़े जाति सतनामी उम्र 34 वर्ष, निवासी पलना राईस मिलपारा ने एक लिखित आवेदन थाना विश्रामपुरी में दिया था। आवेदन में बताया गया कि घटना दिनांक 03-04.11.24 की दरम्यानी रात में आरोपी शंकर बांधे जो आहिता श्रीमति लक्ष्मी जांगड़े को पत्नी बनाकर रखा था। दोनों ग्राम पलना राईस मिलपारा में रहते थे। शंकर बांधे अपने पत्नि लक्ष्मी को अन्य व्यक्तियों से बात करने एवं शंका करने की नियत से हमेशा वाद विवाद होता था। उसी बात से नाराज होकर आरोपी द्वारा घर में रखे मुर्गा/बकरा काटने के औजार से सिर एवं शरीर के अन्य भागों में दो-तीन बार हत्या करने की नियत से प्राणघातक हमला कर घटना कारित कर फरार हो गया। आहिता को घायल अवस्था में किसी तरह विश्रामपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती किया गया है।



अभी आहिता अस्पताल में इलाजरत है। प्रार्थी के लिखित आवेदन पर थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रंमाक 68/2024 धारा 118(1),109 भादवि पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। कायमी पश्चात उक्त फरार आरोपी का लगातार उसके रहने एवं रूकने के संभावित स्थानों में औचक दबिश दिया गया। आरोपी को विश्रामपुरी के काजूप्लाट के आस-पास घूमते पाये जाने की सूचना पर हमराह स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पुलिस हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी शंकर बांधे ने आहिता लक्ष्मी जांगड़े को धारदार हथियार में हत्या करने की नियत से मारना स्वीकार किया। आरोपी को 5 नवंबर को 10 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल हेतु भेजा गया है।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

*संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक भुनेश्वर नाग थाना प्रभारी, सउनि रमेश निषाद,प्रआर 853 पूरन गावड़े.आर 984 दयालू मरकाम,आर 564 जगदीश नेताम,1009 गौतम मरकाम, मआर 2098 सकुन नेताम का सराहनीय योगदान रहा।*

# धान खरीदी से पहले लगा सहकारी समितियों में ताला

- तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी कर्मचारियों ने शुरू किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। धमतरी के गांधी मैदान में पांच जिलों के कर्मचारियों ने धरना देकर हल्ला बोला। उधर सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल से राशन वितरण प्रभावित हो गया है। धान खरीदी की तैयारी भी ठंडे बस्ते में चली गई है।

लगातार कई साल से सहकारी कर्मचारी शासन को अपनी मांगों से अवगत करा रहे हैं। इसके बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं हुई है। इससे नाराज सहकारी कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। रायपुर में राज्योत्सव के चलते उन्हें धरना के लिए जगह नहीं मिली। ऐसे में धमतरी में संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कर्मचारियों की मांग है कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छग में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय वेतन अनुदान राशि दी जाए। सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी में सूखत मान्य किया जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की जा रही है। विडंबना यह है कि पिछले साल की धान खरीदी का कमीशन अब तक समितियों को नहीं दिया गया है। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान अप्राप्त है। उधर समितियों में कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हैं। उनका चरणबद्ध आंदोलन 18 अक्टूबर से चल रहा है।





### संभाग के साढ़े तीन सौ कर्मचारी जुटे आंदोलन में

लंबे समय से सहकारी कर्मचारी शासन के सामने अपनी मांगों को रख रहे हैं। इसके बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं हुई है। ऐसे में प्रदेशभर के कर्मचारियों में नाराजगी है। उन्होंने धान खरीदी शुरू होने से पहले ही अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है।

# भाजपा के संगठन पर्व में कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

- जिला कार्यालय कोंडागांव में हुआ आयोजन
- चुनाव प्रभारियों और पदाधिकारियों के नामों की भी घोषणा की गई

भारतीय जनता पार्टी भाजपा के कोंडागांव जिला कार्यालय में आज संगठन पर्व के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारी, सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत नियुक्त पदाधिकारी और संगठन के विभिन्न सदस्य मौजूद रहे।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन चुनाव प्रभारी डॉ. सुभाऊ कश्यप, कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा और पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण बदेशा ने भाग लिया। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों को सदस्यता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी संगठन चुनावों की तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी सदस्यों को संगठन चुनाव में अनुशासित और संगठित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। संगठन के नियमों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने की बात पर जोर दिया गया। इसके अलावा, आगामी मंडल संगठन चुनाव के लिए चुनाव प्रभारियों और पदाधिकारियों के नामों की भी घोषणा की गई। कार्यशाला के माध्यम से भाजपा ने जिले में संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। साथ ही सभी सदस्यों को प्रेरित किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए अपना योगदान दें।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में प्रमुख पदाधिकारियों सहित जसकेतु उसेंडी, दयाराम पटेल, तरुण साना, आकाश मेहता, संतोष पात्रे, कुलवंत चहल, संजू ग्वाल, दिपेन्द्र नाग, मीनू कोर्राम, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, कृष्णा पोयाम, प्रशांत पात्र, मंगतू नेताम, प्रेम सिंह नाग, चन्दन साहू, अनिल अग्रवाल, झाड़ीराम सलाम, जसवंत श्रीवास्तव, अनिता नेताम, सोनमणि पोयाम सहित कई अन्य सहयोगी सदस्य भी उपस्थित रहे।

# गंगरेल डूब प्रभावित 11 को करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। सोमवार को समिति ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर सूचना दी है। समिति ने कहा है कि गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के संबंध में उच्च न्यायालय ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया है कि आदेश की प्रति प्राप्ति के तीन माह के अंदर सक्षम प्राधिकारी जांच प्रारंभ कर गंगरेल बांध डूब के पात्र प्रभावितों को भूमि का आवंटन करें। इसके बाद भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा भूमि आवंटन के बारे में कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह न्यायालय के आदेश की अवमानना है। डूब प्रभावित निम्न गरीब वर्ग से आते हैं। जिला प्रशासन तथा संबंधित विभाग को बार-बार आवेदन कर उचित न्याय की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई न्याय संगत कार्रवाई नहीं की जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




समिति ने कहा है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सक्षम प्राधिकारी जांच पूरी कर उचित मुआवजा तथा न्याय संगत भूमि का आवंटन करें। कार्रवाई नहीं होने पर 11 नवंबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव तथा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से हरिशंकर मरकाम, आत्माराम ध्रुव, पंडोराम मंडावी, महाराजीराम ध्रुव, पुष्कर सोरी, घनश्याम मरकाम, कृपाराम सिन्हा, सहदेव साहू, जयकुमार सेन, मूलकराम सिन्हा, कुंवरसिंग निषाद, प्रताप ध्रुव आदि डूब प्रभावित शामिल थे।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या कर शव फेंका सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के गोंडेरास निवासी युवक की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर शव सड़क पर फेंक दिया। हत्या नक्सलियों ने की या आपसी रजिंश के चलते हुई इसकी पड़ताल पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के गादीरास थाना क्षेत्र के ग्राम गोंडेरास निवासी बंडी का शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर सड़क पर खून से सना पड़ा मिला। बंडी की हत्या धारदार हथियार से हमला कर की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि युवक रात से घर लौट नहीं लौटा था और सुबह उसका शव मिलने से सनसनी फैल गई लोगों में दहशत देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को इसकी जानकारी दी जिसके बाद शव को उठाकर घर लाया गया। हालांकि मौके पर किसी तरह का नक्सली पर्चा नहीं मिला है जिससे हत्या नक्सलियों ने की या आपसी रजिंश के चलते उसकी हत्या की गई इसका पता नहीं लग सका है। घटना की जानकारी मिलते ही गादीरास पुलिस मौके पर पहुंचकर माामले की जांच कर रही है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि यह नक्सली हत्या है या आपसी रंजिश इसकी जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में अपराध में बेतहाशा बढ़ोतरीः जतिन

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में निरंतर आए दिन बढ़ रहे अपराध पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कांग्रेस नेता व पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने कहा कि अब भाजपा के पदाधिकारी भी सुशासन के शिकार हो रहे हैं। राजधानी रायपुर में डीडी नगर थाना क्षेत्र में भाजयुमो नेता से लूटपाट की खबर मिली है। चाकू की नोक पर हुई इस लूटपाट का विरोध करने पर भाजयुमो नेता के दो साथियों पर चाकू से हमला किया गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सत्तासीन पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पर इस तरह से हमला सरकार की नाकामियों को दर्शाता है, जिसकी सरकार उसी के नेता कार्यकर्ता अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे। छत्तीसगढ़ की सांय सांय सरकार की कानून व्यवस्था उनके नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। बस्तर के कांग्रेस नेता ने एक बार फिर राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार तीखा हमला बोला।



### निःशुल्क उपचार करने अस्पतालों की सूची जारी

**बीजापुर।** बीजापुर जिले वासियों को सीमावर्ती राज्यो में आयुष्मान कार्ड से बेहतर उपचार करने के लिए निजी अस्पतालों की सूची हेतु लिंक जारी की गई है। बीजापुर जिले के कई मरीज एवं परिजन आयुष्मान कार्ड वाले अस्पतालों से अनभिज्ञ होने के कारण बहुत से परेशानियों का सामना करते हैं। ज्यादातर वारंगल, हैदराबाद, महाराष्ट्र एवं विशाखापटनम इलाज के लिए जाते हैं वे मरीज एवं उनके परिजन पीएमजेएवाय.जीओवी.इन पर लॉगइन कर सभी अस्पतालों की सूची देख सकते हैं। लिंक खोलने के पश्चात फाईन्ड हास्पिटल फाईंड हास्पिटल आप्शन में जाकर सूची देख सकेंगे। वहीं टोल फ्री नंबर 14555 एवं 104 पर डायल करके आयुष्मान कार्ड वाले अस्पतालों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी ने दी है।

### जल जीवन मिशन अंतर्गत पेद्दामाटूर हर-घर जल घोषित

**बीजापुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 70 किमी दूरी पर ग्राम पेदामाटूर स्थित है, यह विकासखण्ड भोपालपटनम के अंतर्गत आता है। ग्राम में कुल 82 परिवार निवासरत है, यहां पर 19 हैण्डपंप स्थापित है जिससे ग्रामीणों को पेयजल की पूर्ति होती रही है इस ग्राम में 2 स्कूल एवं 2 ऑगनबाड़ी संचालित है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम में निवासरत 79 परिवारों के 421 लोगों को समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से घर पर ही शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम पेद्दामाटूर को ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच कुमारी सरस्वती कोरसा एवं कुमार सत्यम और ग्रामवासी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपालपटनम के उपअभियंता डीआर बंजारे एवं जिला समन्वयक टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

गरिमापूर्ण एवं परंपरागत तरीके से हुआ राज्योत्सव का शुभारंभ

# दंतेवाड़ा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्यः अटामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा







आज छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अटामी ने कार्यक्रम स्थल मेंढ़का डोबर मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर इसकी परंपरागत शुरुआत किया।

अटामी ने इस मौके पर कहा कि हम सभी जानते है कि आज ही के दिन हमारे छत्तीसगढ़ को राज्य का स्वरूप देना तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की देन है। आज हम गौरव के साथ कह सकते है कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ है। जिस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की नई परंपराओं की शुरूआत और उनका सफल क्रियान्वयन हुआ है, उसी तरह दंतेवाड़ा जिला भी विकास की राह पर सतत अग्रसर है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में हो रही उत्तरोत्तर प्रगति के विषय में जिक्र करते हुए कहा कि जिस प्रकार राज्य बनने के उपरांत छत्तीसगढ़ में मजबूती आ रही है उसी प्रकार इसकी झलक दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिलों में भी दिखाई देने लगी है।

राज्य सरकार की विकास योजनाओं का सकारात्मक परिणाम दक्षिण बस्तर में दिखने लगा है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं अन्य क्षेत्र में जिले की सकारात्मक पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए आवास की सुविधा भी दी जा रही है। एजुकेशन सिटी जावंगा में विद्यार्थियों द्वारा जो उपलब्धि हासिल की जा रही उसे पूरे देश में जिले का नाम रौशन हुआ है इसके अलावा कृषि क्षेत्र में बात की जाए तो जैविक कृषि में भी स्थानीय कृषकों ने नये मुकाम अर्जित की है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थितों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान आयोजन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा स्वागत प्रतिवेदन में जिलेवासियों को राज्योत्सव की बधाई देते हुए कहा गया कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और ये प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विशेष रूप अहम रही है और छत्तीसगढ़ ऐतिहासिकता के साथ विकसित हुआ है। यहां के महान विभूतियों ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के लिए अथक संघर्ष किया। जिसका सुखद परिणाम सभी के समक्ष है। आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य का विशेष महत्व है और यहां परंपरा, संस्कृति की अलग पहचान है। इस राज्य की अस्मिता परंपरा, संस्कृति को एक नई पहचान के साथ हमें आगे बढ़ाना है।

आयोजन स्थल में विभिन्न विभागों जैसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास जिला पंचायत, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग,कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, समाज कल्याण, जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति विभाग, मछली पालन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, आयुष विभाग, उद्यानिकी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, श्रम विभाग तथा पशुपालन विभाग द्वारा अपने अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए है। इसके अलावा कार्यक्रम के द्वितीय सत्र संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा स्टॉलों का अवलोकन करने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा और शालेय छात्राओं एवं लोकनृतक दलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। आज राज्योत्सव 2024 के शुभारंभ के अवसर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अधिकारीगण, स्कूली बच्चें, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## विधायक ने विधायक प्रतिनिधि को किया पदमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी ने विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका किरंदुल को पद से मुक्त करने का आदेश दिया है। विगत कुछ दिनों से जितेंद्र गुप्ता विधायक प्रतिनिधि किरंदुल के ऊपर एक किरंदुल निवासी बेवा द्वारा उनके मकान पर कब्जे का आरोप लग रहा था जिसकी शिकायत मिलने पर विधायक अटामी ने जितेंद्र गुप्ता को विवादित मकान के संबंध में जांच हो तब तक पदमुक्त करने का आदेश जारी किया है। पूर्व में भी विधायक ने ऐसे ही पीए पर दुर्व्यवहार के डॉक्टर द्वारा शिकायत किये जाने पर भी पदमुक्त किया जा चूका है। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की जो भी आरोप किसी भी व्यक्ति पर है ये उनका निजी मामला है भाजपा रीती निति और अनुशासन के तौर पर राजनीतिक दलों में सर्वश्रेष्ठ है। किसी भी तरह के आरोपों पर पार्टी और विधायक होने के नाते मुझसे कोई संबंध नहीं है जब तक जांच होता है मैंने पदमुक्त किया है। विधायक के संवेदनशीलता की लोग तारीफ कर रहे है। विधायक अटामी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को बर्दाशत नहीं किया जायेगा।

## साइनाइड को रौंद हनुमान इलेवन ने किया अमर शहीद कप पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड

बकावंड में क्रिकेट का उत्साह रविवार को चरम पर था। साइनाइड जगदलपुर टीम के कप्तान शिवा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। दीपावली की छुट्टियों के दौरान इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम

■ विधायक ने दिया एक लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार



बकावंड में बीते 25 अक्टूबर से प्रारंभ यंग स्टार क्लब बकावंड एवं बस्तर इलेवन के संयुक्त तत्वावधान में अमर शहीद कप अंतराज्यीय रेड टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देखने पड़ौसी राज्य ओडिशा समेत दूर दराज से दर्शक पहुंचे थे। प्रतियोगिता में ऑल टाइम फेवरेट चल रहे राउरकेला ओडिशा के पास रायगढ़ा के हनुमान इलेवन से खिताबी भिड़ंत के लिए साइनाइड टॉस जीतकर शिवा ने कहा कि वे निर्धारित 15 ओवर में 200 का लक्ष्य देना चाहेंगे तो हनुमान इलेवन के कप्तान ठिकना ने कहा कि उनके खिलाड़ी किसी भी लक्ष्य का पीछा करने में समर्थ हैं मैच शुरू हुआ और देखते ही देखते 22 गज की पीच साइनाइड के खिलाड़ियों के लिए मुसीबत बन गई। रायगढ़ा की टीम की धारदार गेंदबाजी और शानदार फिल्डिंग के आगे साइनाइड के बल्लेबाज 12 ओवर में 40 रन बनाकर ऑलआउट हो गए। हनुमान इलेवन रायगढ़ा ने लगभग पावर प्ले में ही एक विकेट खोकर 41 रन बनाए और मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रहे रायगढ़ा के हर्षा जिन्होंने शानदार तीन विकेट झटके। मैन ऑफ द सीरीज रहे साइनाइड के वेंका सतीश 116 रन बनाए और 7 विकेट लिए इसी तरह बेस्ट फील्डर रायगढ़ा के बोड़ो बेस्ट विकेट कीपर पिंकू साइनाइड के बेस्ट बैटर अमर यंग स्टार क्लब को ट्रॉफी और पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि ब्लॉक के शहीद संतोष पाठक, श्रवण कश्यप तथा शहीद लैखन सेठिया के परिजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच का पूरा लुफ्त उठाया उन्होंने विजेता टीम रायगढ़ा को अपनी ओर से घोषित एक लाख रुपये नगद और कमेटी की ओर से विशालकाय चमचमाती ट्राफी प्रदान कर जीत की शुभकामनाएं दी।

विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, एसडीओपी भानपुरी घनश्याम कामड़े ने भी अमर शहीदों का स्मरण, खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन और आयोजन की सराहना की। इस दौरान विशेष रुप से जगमोहन बघेल,तुलाराम सेठिया, मधु निषाद, छत्रपाल सिंह कंवर, मोहन लाल भारती, कलावती बघेल, तिजु भारती, कमल मौर्य, गोपाल कश्यप, जितेंद्र तिवारी, शिवनन्दन साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय खेलप्रेमी मौजूद थे। इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि पहली बार सीजी स्पोर्ट्स यू ट्यूब चैनल पर हर मैच का लाइव प्रसारण किया गया।

## संगठन चुनाव के लिए भाजपा की आयोजित हुई कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

भारतीय जनता पार्टी अटल सदन भाजपा जिला कार्यालय सुकमा में संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें जिला संगठन चुनाव अधिकारी दिनेश कश्यप ने कार्यशाला में आगामी संगठन चुनाव के संबंध में चर्चा कर विस्तृत जानकरी दी। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुख़र्जी, अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य रूप से मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने भी संगठन चुनाव के लिए रुपरेखा तैयार कर संगठन को और सशक्त कैसे बनाया जाये एवं आगामी नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से मौजूद रहे संगठन चुनाव जिला अधिकारी दिनेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य अरुण सिंह भदौरिया, हूंगाराम मरकाम, जिला चुनाव सह अधिकारी नूपुर वैदिक, विश्व राज चौहान, जिला महामंत्री कोरसा सन्नू, जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, भुवनेश्वरी यादव, धर्मेंद्र मोनू भदौरिया, पी विजय, रामदेव नाग, दिलीप पेद्दी, उपेंद्र चौहान, राधा नायक, टी विजेंद्र, मडकम भीमा, विवेक यादव, लीलाधर राठी, रमेश यादव, माडे बारसे, डमरू नाग, बलिराम नायक, जी साई रेड्डी, अमर पोयाम, सुकदेव नाग, संजय सोढ़ी, रमाकांत नायक, राजकुमार श्रीवाने, आयता राम मंडावी, पार्वती प्रधानी, शेख जावेद, लक्ष्मण नाग, सृजन सिंह सहित अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आयुष मेला में 456 मरीजों का किया गया उपचार

**बीजापुर।** संचालक आयुष रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी बीजापुर के मार्गदर्शन में निःशुल्क जिलास्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 3 नवम्बर को न्यू बस स्टैंड बाजार स्थल बीजापुर में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में निवास मुदलियार एवं पार्षद संजय गुप्ता सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा भगवान धन्वंतरि के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारी जैसे हाइपरटेंशन, शुगर, स्किन डिजीज मेंटल स्ट्रेस, उदर रोग, बात रोग, स्त्री रोग, अर्श रोग, आदि का आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से 456 मरीजों का सफल उपचार किया गया। डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह परिहार एवं डॉ. रामचरण पटेल, डॉ. पी साहू, डॉ. अजय पटेल, डॉ. अरविंदो आचार्य, डॉ. सुरेखा बघेल, फार्मासिस्ट सनद कुमार नारंग, ओंग साईं राम, धृतलहरे, जयश्री दुर्गम, रंजीत बरिया आदि ने अपनी चिकित्सकीय सेवाएं दी।

## दिवाली विथ माय भारत कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर

नेहरू युवा केंद्र जगदलपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत कोरबा द्वारा दिवाली विथ माय भारत कार्यक्रम का आयोजन 27 से 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

मेरा युवा भारत पोर्टल को गतवर्ष 31 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। उसी के परिपालन में इस वर्ष मेरा युवा भारत पोर्टल के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों द्वारा दिवाली के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा ट्रैफिक पुलिस के साथ त्यौहार के समय में भीड़ के मैनेजमेंट और हॉस्पिटल में मरीजों की मदद में वालंटियरिंग जैसे गतिविधियां की जा रही है। इसी के तहत बस्तर जिले के माय भारत से संबंधित घोटिया में पुलिस विभाग के बलराम भारती आरक्षक, प्रेमलाल प्रधान आरक्षक, लक्ष्मण मौर्य, तिजो राम एवं नेहरू युवा केंद्र के वालेंटियर रूनीता मौर्य, नीलकांति मौर्य, शिवशंकर सदस्यों द्वारा अभियान चलाया गया।

## कलेक्टर ने कार्यों में पारदर्शिता और ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने को समय-सीमा बैठक में 22 ग्रामों में नियद नेल्लानार योजना के तहत शीघ्र विद्युतीकरण करने और इसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व भी सौंपे गए। कलेक्टर



देवेश कुमार ध्रुव ने जिले में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सप्ताह में दो दिन, बुधवार और शुक्रवार, को फील्ड विजिट करें ताकि शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण कर, उनकी प्रगति की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन हो सके।

Gomti
THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव

7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का
ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर



दीपावली की छुट्टियों के बाद सोमवार को विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक माध्यमिक हाइस्कूल व हायर सेकंडरी शालाये खुल चुकी है। प्रथम दिवस में ही सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा छापामार कार्यवाही करते हुए संकुल भाटपाल,चोकर कुड़कानार, कोलचुर समेत आधा दर्जन संकुलों की शालाओं का निरीक्षण किया।

जिसमें हायर सेकंडरी चोकर में कामिनी व करुणाप्रधान आज भी अवकाश पर पाई गई। वही माध्यमिक शाला चोकर में महेंद्र कुंजाम कार्य पर अनुपस्थित मिले। प्राथमिक शाला चोकर में ज्ञान प्रकाश भी अनुपस्थित थे। प्राथमिक शाला महुपालबारी की प्रधान अध्यापिका भी शाला में अनुपस्थित थी। माध्यमिक शाला कुड़कानार की शाला में उपस्थित बच्चों से रूबरू होकर चर्चा की व अध्यापन निरन्तर जारी रखने निर्देशित किया। यहां सभी स्टाफ उपस्थित पाए गए। अधिकारी द्वारा पोषण वाटिका का भी अवलोकन किया गया।

प्राथमिक शाला चोकर में पूजा राठिया लम्बी छुट्टी होने के बाद भी आज से 3 दिनों का अवकाश ली है। जिसे 1 दिवस अवकाश ही मान्य करने की बात अधिकारी द्वारा की गई। अधिकारी द्वारा सतत निरीक्षण की बात कही गई है। शिक्षा गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की बात उनके द्वारा की गई है।

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी ने कहा कि बस्तर ब्लॉक के सभी शालाओं पर सतत निरिक्षण जारी रहेगा। कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की जायेगी।

### शिशु के जन्म के बाद जाति प्रमाण पत्र मिलने से उत्साह

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर नवजात शिशु को जन्म के बाद जाति प्रमाण पत्र के साथ अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज निर्धारित समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके लाभार्थियों में उत्साह का माहौल है। कलेक्टर के निर्देश पर जन्म के बाद तत्काल जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय करने के साथ ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि एवं पिता के जाति प्रमाण पत्र के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय से यह महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रदाय किया जा रहा है। बीजापुर विकासखण्ड के पटवारी हल्का क्रमांक 11 ग्राम तुमनार के नवजात शिशु मनोहर तेलम, आलोक तेलम एवं एनोश तेलम को इस योजना के तहत जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया बच्चों के माता-पिता यह प्रमाण पत्र पाकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# 11 माह में 96 मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने 189 नक्सलियों को किया ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछले 11 माह में रेंज के सभी जिलों के कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर आईजी सुंदरराज पी द्वारा जिलों के एसपी को नक्सल अभियान, कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, वीआईपी सुरक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। शौर्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद आईजी ने बताया कि इस वर्ष रेंज अंतर्गत तैनात स्थानीय पुलिस बल, सुरक्षा बलों द्वारा माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2024 में पुलिस व नक्सलियों के मध्य कुल 96 मुठभेड़ हुई। इन मुठभेड़ों में नक्सलियों का बहादुरी से जवानों ने मुकाबला करते हुए 189 माओवादियों के शव व हथियार बरामद किए। इस दौरान 762 माओवादियों की गिरफ्तारी की गई वहीं 745 माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया तथा 207 हथियार नक्सलियों से जब्त करने में सफलता मिली।

शौर्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में रेंज के डीआईजी, सभी जिलों के एसपी व राजपत्रित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नक्सल विरोधी अभियान, नवीन कैम्प स्थापना, कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण, जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा, बस्तर ओलंपिक तथा पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं साथ ही आगामी समय पर जिला स्तर पर उक्त संबंधित विषयों पर गंभीरता पूर्वक, संवेदनशीलता के साथ नियमित कार्यवाही किये जाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### आईजी ने समीक्षा बैठक में दिए नक्सल अभियान, कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, वीआईपी सुरक्षा के निर्देश

#### साप्ताहिक बाजारों का आकस्मिक जांच के निर्देश

आईजी सुंदरराज पी ने समीक्षा बैठक के दौरान समस्त जिला ईकाइयों को अपराधों के रोकथाम, पंजीबद्ध प्रकरणों के त्वरित निराकरण, बैंक, एटीएम, साप्ताहिक बाजारों की आकास्मिक जांच के निर्देश के साथ ही कानून व्यवस्था संबंधित विषयों पर परिस्थितियों का पूवार्नुमान करते हुए उचित प्रतिबंधात्मक व कानूनी कार्यवाही करने सख्त निर्देश दिया गया।



#### बैठक में यह रहे मौजूद

वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में डीआईजी कांकेर रेंज अमित तुकाराम काम्बले, डीआईजी दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, एसएसपी कांकेर आईके एलेसेला, एसपी बस्तर शलभ कुमार सिन्हा, एसपी दन्तेवाड़ा गौरव राय, एसपी कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार, एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार, एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव, एसपी सुकमा किरण चव्हाण व रेंज के सभी एएसपी, डीएसपी व आरआई मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### राजीव भवन में दीपावली मिलन आज

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के द्वारा बुधवार की दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक राजीव भवन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने दी है।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश आवेदन 20 तक

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सभी वर्गों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण मॉड्यूलर एम्प्लाएबल स्किल (एमईएस) कोर्सेस के अंतर्गत सेल्फ एंप्लॉयड टेलर (वस्त्र सिलाई), कोसा धागाकरण एवं कोसा वस्त्र बुनाई ट्रेड में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियों से अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कोसा केंद्र में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 20 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित है। अंचल के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।

### मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना शुरू

**दंतेवाड़ा।** शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल सीजी बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में आने वाले छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाएगा। सभी पात्र छात्र 24 अक्टूबर से 20 नवंबर तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में पंजीयन, सत्यापन, और दावा, आपत्ति सहित पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। छात्रों को योजना की आधिकारिक वेबसाइट स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट ईन पर जाकर अपना पंजीयन करना होगा।
ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य राज्य के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन प्रदान करना और उनकी उच्च शिक्षा में सहायता करना है।

### बड़े आमाबाल विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन

**बस्तर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े आमाबाल मे मंगलवार दोपहर कक्षा 11 वी और 12 वी के विद्यार्थियो को आदिवासी युवा छात्र संगठन बस्तर ब्लॉक एजुकेशन विंग प्रभारी ने स्कूल मे कक्षा 12 के बाद छात्र सही दिशा में बच्चे अपना करियर बना सकें इस उदेश्य से कैरियर मार्गदर्शन जानकारी दी।
प्रभारी मोतीराम कश्यप ने कहा सफलता हासिल करने के लिए जीवन में एक लक्ष्य बनाना होगा। कभी-कभी करियर चुनने को लेकर भ्रम हो सकता है लेकिन अनुभवी के मार्गदर्शन में हमें सही दिशा मिल सकती है। आज का युग वास्तव में प्रतिस्पर्धा का युग है। समय रहते अपने करियर को कैसे प्लान करें और कैसे आगे बढ़ें यह आज के समय की मांग है।


### जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष समेत अन्य कांग्रेसी धरने में हुए शामिल

# दूसरे दिन भी सहकारी समिति के कर्मचारी बेमियाद धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के पुराने मंडी धरना स्थल पर सैकड़ो सहकारी कर्मचारी अनिश्चित कालीन धरने पर रहे। मंगलवार को दूसरे दिन धरना स्थल पर हड़ताली कर्मी सरकार को सद्बुद्धि देने की कामना के लिए बाकायदा पूजा अर्चना और भजन-कीर्तन किया। सम्भाग स्तरीय बेमियाद हड़ताल में कांकेर, कोंडागावं, नारायणपुर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के सैकड़ो सहकारी कर्मी धरने में सम्मलित थे।

15 नवंबर से राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी शुरू करने का ऐलान किया है और इसके बीच सहकारी कर्मचारी महासंघ अपनी





तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं जिसके कारण कई प्रकार की समस्या किसानों को हो सकता है। आज आंदोलन को समर्थन देने बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मोर्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी धरना में सम्मलित हुए।

सहकारी कर्मचारी महासंघ 18 से 20 अक्टूबर तक कालीपट्टी लगाकर प्रदेश के 2058 समितियों में कार्यरत लगभग 13000 कर्मचारियों द्वारा अपने समितियों में कार्य किया। दूसरे चरण में दिनांक 21 एवं 22 अक्टूबर तक 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर 22 अक्टूबर को मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री व सहकारिता मंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। तीसरे चरण में 23 से 3 अक्टूबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश बाद लंबित 3 सूत्रीय मांगों पर नारेबाजी की गई।

# वन मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन पर महारानी अस्पताल में रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के माटी पुत्र और छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर केदार कश्यप यूथ फैंस के पदाधिकारी और समर्थकों ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में हवन किया और डिलमिली देवगुड़ी में पूजा अर्चना कर मंत्री के दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ जन्मदिन की शुरुआत की। तत्पश्चात यूथ फैंस ने महारानी अस्पताल में रक्तदान कर डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मरीजों को भोजन करवाया। ततपश्चात यूथ फैंस शिवानंद आश्रम जाकर वहां के स्वामी शिवदास सरस्वती सहित सभी बच्चों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन कर धूम धाम से अपने चहीते मंत्री केदार कश्यप का जन्मदिन मनाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा, रंजीता पाणीग्राही,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज पटेल, गौरव कश्यप, अमित रामटेके, राकेश दत्ता, कृष्ण नारायण नाग, नितेश सिंह चौहान, आदर्श ठाकुर, सतीश, आदर्श ठाकुर, सतीश राणा, विकास समेत अन्य युवा शामिल थे।

# दलदली में दीपावली मिलन समारोह गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम दलदली में दीपावली मिलन समारोह एवं गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहांड़ा देव में खिचड़ी खिलाकर एवं बाजे गाजे के साथ कलश शोभा यात्रा समस्त ग्राम वासियों के साथ प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा मांदरी नाचा और राउत नाचा की आकर्षक नृत्य के साथ संपन्न हुआ। शाम को ग्राम के अधिकारी व कर्मचारी का सम्मान और उत्कृष्ठ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत नरहरपुर किशोर भास्कर तथा विशेष अतिथि रामेश्वर सिंह यादव वन परिक्षेत्र अधिकारी फरसगांव, बबली साहू पर्यवेक्षक महिला बाल विकास विभाग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीना नेताम सरपंच ग्राम पंचायत दलदली ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम के युवक युवतियों को एक साथ मिलकर रहने और अच्छे शिक्षा और जीवन जीने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में तैयारी कर रहे बच्चों को प्रेरित करने के लिए अधिकारी कर्मचारी वर्ग ने खूब प्रेरणा दी। साथ ही ग्राम विकास में अपनी योगदान हमेशा देने के लिए कहा।

कार्यक्रम में उप सरपंच सुदामा यादव ने कहा कि साल भर के व्यस्तम जीवन में एक बार ही अधिकारी व कर्मचारी दीपावली के अवसर पर घर आते हैं। यह कार्यक्रम उनके आपस में मिलन के साथ ग्राम के समस्त लोगों के साथ मिलन की पवित्र बेला होना बताया। मिलन समारोह के तुरंत बाद ग्राम के बच्चों द्वारा रात्रिकालीन रिकॉर्डिंग डांस किया गया। कार्यक्रम में रीना नेताम सरपंच दलदली, सियाराम मरकाम ग्राम पटेल, आजेश भास्कर




ग्रामसभा अध्यक्ष, मनेश भास्कर गोंडवाना समाज अध्यक्ष, देवेंद्र साहू समाज प्रमुख, रामेश्वर यादव अध्यक्ष ग्रामीण यादव समाज, अजय नेताम अध्यक्ष स्कूलपारा समिति, घासिया राम कोर्राम, मनीषा कुंजाम, धनिष्ठा भास्कर, नेहा भास्कर, चंद्रप्रकाश साहू, घनश्याम नाग, सन्मूख यादव, शिवानी रेखराज यादव, समिता नेताम, फतेसिंह नेताम, सतेसिंह नेताम, मंजुलता यादव, अनुपा यादव, देवप्रकाश यादव, संतोष भास्कर, अशोक यादव, विजय कोर्राम, अनिल यादव, कन्हैयालाल निषाद, नरेश साहू, शुकलाल सलाम, जगदेवराम नेताम, शिवलाल यादव, चरण नाग, कैलाश यादव,गयादास मानिकपुरी, महेश कुंजाम, मनोज नेताम, हरिशंकर यादव,सेवक मरकाम, दिनेश यादव, रामस्वरूप नेताम, आशुलाल कोर्राम, जगर सिंह यादव, भुनेश्वर यादव, फूलसिंह यादव, कुमारी बाई भास्कर, जगनतीन यादव, रविकिरण नेताम, लवकुमार यादव, कामेश्वरी मरकाम, सविता यादव, पुष्पा कुंजाम, अनूपा कोर्राम, आरजू यादव, ज्योति हरिशंकर यादव, दीपाली यादव, कनेश्वरी नेताम, सरतुराम यादव ग्राम के समस्त महिला, पुरुष व बच्चों की उपस्थिति रही।

# निवारण शिविर के लंबित आवेदनों पर करें त्वरित कार्यवाही : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन एवं जनसमस्या निवारण शिविर की लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि शिविर में आए मांगों एवं आवेदनों पर 14 दिवस के भीतर निराकरण करना सुनिश्चित करें। चूंकि यह सभी मांग एवं आवेदन जनहित से जुड़े हुए है अतः इसमें किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन के तहत प्रस्तुत किए गए आवेदनों के लिए संबंधित विभागों को इसके औचित्य की जानकारी चाही तथा इसका आकलन परीक्षण प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा निश्चित किया। इन प्रकरणों में ग्राम हिरानार, बिंजाम एवं फरसपाल, में सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत हारम में शालेय संबंधित शौचालय, रनिंग वाटर, शाला भवन की मांग, ग्राम पंचायत कुपेर एवं बरसापारा में



सीसी रोड की मांग, ग्राम चितालंका में सड़क की जर्जर स्थिति, ब्लॉक कुआकोंडा अंतर्गत ग्राम कोड़ेनार में फॉरेस्ट कॉलोनी मेन रोड से लगी हुई सीढ़ी की मरम्मत, नेरली में पीने के पानी एवं हेडपंप की मांग, किरंदुल रेलवे एरिया में जीर्ण शीर्ण पुलिया का जीर्णोद्धार, बचेली नगर पालिका अन्तर्गत वार्ड क्र.-1 वोटीपारा में स्ट्रीट लाइट की समस्या, नाली निर्माण पेड़ और झाड़ियों की कटाई, ब्लॉक कटेकल्याण अन्तर्गत पटेलपारा से पुजारी पारा, सुरनार, में विभिन्न प्रकार के कार्य स्वीकृति, गीदम अन्तर्गत कदम टिकरापारा में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने, दन्तेवाड़ा ब्लॉक अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न रिक्त पद जैसे स्टॉफ नर्स, फार्मसिस्ट में नियुक्ति, कृषि विभाग से संबंधित ग्राम गामावाड़ा में नियद नेल्लानार योजना के तहत बोर खनन, एवं जाली तार बाड़ी कराने जैसे विभिन्न प्रकार के प्रकरणों पर कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिषा निर्देष दिए गए। इसके साथ ही बैठक में नवंबर में होने वाले जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक की तैयारियां पूर्ण करने एवं जिले के पर्यटन क्षेत्रों में मुलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए भी कलेक्टर द्वारा कहा गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# पिकनिक मनाकर घर जा रहे तीन दोस्तों के साथ मारपीट


**कांकेर।** नवागांव की ओर से पिकनिक मना कर आ रहे तीन युवकों के साथ दो लोगों ने मारपीट किया। तीनों युवक पिकनिक मनाने के बाद वापस घर की ओर रहे थे। रास्ते में भीड़ व विवाद होता देख वही पर रूक गए। तभी आरोपियों ने तीनो युवकों को विवाद में शामिल हो कहकर मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे एमजी वार्ड कांकेर निवासी 23 वर्षीय संतोष कुमार जुर्री पिता ननकूराम जुर्री ने पुलिस को बताया कि पेंटिंग का काम करता हूं और 4 नवंबर को अपने दोस्त करण नाग, अजय नेताम, शौरभ दास के साथ पिकनिक मनाने के लिए नवागांव की ओर गये थे। शाम करीबन 7 बजे वापस घर आते समय ग्राम मनकेशरी आवासपास आम्बेडकर भवन के पास भीड़भाड था। कुछ लोग झगड़ा विवाद कर रहे थे। झगड़ा को देखकर हम तीनों वही पर रूक गए। उसी समय आरोपी मोनू यादव और ददू के द्वारा हम लोगो को लड़ाई झगड़ा में शामिल है कहकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। हम तीनों के साथ आरोपियों ने मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मारपीट से मेरे सिर तथा करण नाग सिर, चेहरा व पैर, अजय नेताम के सिर, चेहरा व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



# फीफा कार्यशाला में दिमाग में चोट लगने से गंभीर परिणाम को समझाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को जूम ऑनलाइन क्लास द्वारा विश्व फुटबॉल को नियंत्रित करने वाली संस्था फीफा के मेडिकल निदेशक अमरीका के एंड्रयू मैसी के द्वारा कार्यशाला संपन्न हुआ। देश विदेश के 100 लोग को आमंत्रित किया गया जिसमें जगदलपुर से राष्ट्रीय एलिट पेनल के रैफरी अनुदेशक रूपक मुखर्जी को भी आमंत्रित किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ के रायपुर, भिलाई, बिलासपुर और कोंडागांव से कुल 6 लोगों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यशाला में विशेष रूप से खेल के दौरान होने वाली दिमाग मे लगने वाले चोट के बारे में बताया गया। कार्यशाला में दिमाग में चोट लगने से गंभीर परीणाम को विस्तार रूप से समझाया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के टेक्निकल डायरेक्टर एवं रैफरी विभाग के सभी उच्च पदाधिकारीगण एवं राष्ट्रीय महिला और पुरुष रैफरी उपस्थित थे। उक्त जानकारी छत्तीसगढ फुटबॉल संघ के रैफरी प्रमुख आर डी साव ने दी।



# बस्तर ओलंपिक में विकासखंड स्तर पर होंगे खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत प्रथम चरण की खेल प्रतियोगिता विकासखंड स्तर से प्रारंभ होगी, विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है शामिल हो सकेंगे, विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 10 से 12 पंचायतों में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे, वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। विकासखंडों में लगातार चार से पांच दिनों तक प्रतियोगिताएं संपन्न होगी और विजेता खिलाड़ी-टीम अगले राउंड सेमीफाइनल और फिर फाइनल में प्रवेश करेंगे, फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे। उपरोक्तानुसार विकासखंड स्तरीय आयोजन के लिए सीईओ जनपद पंचायत को इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीकृत सभी खिलाड़ी अपने पंचायत के सचिव, सरपंच, पीटीआई या जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत के नोडल या प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर विकासखंड स्तर पर अपनी पंचायत या नगरीय निकाय का मैच किस तिथि को है, पता कर उस तिथि में विकासखंड स्तर पर भाग ले सकेंगे। सभी सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है।

#### प्रतियोगिता आज से

6 से 12 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान बकावण्ड, बास्तानार में 6 से 9 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिनी स्टेडियम किलेपाल, दरभा में 7 से 12 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा छिंदपाल, 7 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान तोकापाल और लोहण्डीगुड़ा में 7 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान उसरीबेड़ा में 8 से 12 नवम्बर तक लालबहादुर शास्त्री मैदान बस्तर, जगदलपुर के अंतर्गत 9 से 14 नवम्बर तक मिनी स्टेडियम बिलोरी में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बस्तर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21-22 नवम्बर को क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, इंदिरा प्रियदर्शिनिय स्टेडियम और खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षण केंद्र पंडरीपानी में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# प्रदत्त उपकरण से दिव्यांगजन हो रहे लाभान्वित

**दंतेवाड़ा।** कुछ वर्ष पूर्व वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों के लिए अपनी दैनिक जीवन की विभिन्न गतिविधियों के निर्वहन के लिए दूसरों पर निर्भर रहना एक नियति थी।

परन्तु आधुनिक चिकित्सा के दौर में दिव्यांगों हेतु अब ऐसे उपकरण उपलब्ध है जिनसे वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों की दिनचर्या पहले से अधिक सुगम हो गई है। इस क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा विगत अप्रैल से अक्टूबर 2024 तक 1278 निःशक्तजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदाय योजना के तहत विभिन्न प्रकार के उपकरण नि शुल्क प्रदाय किया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411